# समाहरणालय, मुंगेर

(महिला एवं बाल विकास निगम, मुंगेर)

बिहार सरकार

विज्ञापन संख्या --01/25

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के पत्रांक--WCDC/1882/23 दिनांक--09.08.2023 द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत पालनाघर का संचालन किया जाना है। वर्तमान में समाहरणालय परिसर में पालनाघर के संचालन हेतु विभागीय मार्गदर्शिका के कंडिका--10 एवं 11 में वर्णित प्रावधान के अनुरूप कर्मियो (श्रमबल) के चयन का निदेश प्राप्त है।

पालनाघर के संचालन हेतु स्वीकृत श्रमबल का चयन जिला पदाधिकारी, मुंगेर अथवा उनके द्वारा नामित पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के उक्त पत्र में पालनाघर के संचालन हेतु क्रेच वर्कर का एक पद एवं सहायक क्रेच वर्कर का एक पद (संविदा आधारित) सृजित किया गया है। संविदा आधारित नियोजन हेतु योग्य अभ्यार्थियो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

<u>स्वीकृत रिक्त पदों के लिए अर्हताएँ एवं नियोजन हेतु योग्यता निम्नवत् होगी :--</u>

| क्र0 | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता / अर्हताएँ / अनुभव | मानदेय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | **शैक्षणिक योग्यता**-- स्नातक उत्तीर्ण। अनुभवः--बच्चों के साथ किसी भी संस्थान / स्कूल / आँगनबाड़ी / प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव। उम्र-- न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम 40 वर्ष | 14,730.00. प्रति माह | संविदा आधारित |
| 02 | सहायक क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | **शैक्षणिक योग्यता**-- बारहवी पास अथवा इंटरमीडिएट। अनुभवः--बच्चों की देख--रेख संबंधित कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। उम्र-- न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 40 वर्ष | 11,640.00 प्रति माह | संविदा आधारित |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र में स्वअभिप्रमाणित सभी अनुलग्नकों के साथ Email ID wcdcmunger@gmail.com एवं निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट से नोडल पदाधिकारी--सह--जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ICDS, मुंगेर PIN- 811201 के पते पर भेज सकते है। आवेदक द्वारा लिफाफा के ऊपर आवेदित पद का नाम लिखा होना चाहिए।

**चयन प्रक्रिया से संबंधित तिथियों की विवरणी निम्नवत है:--**

1. आवेदन प्राप्त करने की तिथि :-- दिनांक-- 08 सितम्बर 2025 तक अपराहन् 5:00 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेगें। जिसके पश्चात् प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगा। एक से अधिक पद पर आवेदन के लिए अलग --अलग आवेदन करना होगा।
2. अभ्यर्थी का चयन हेतु अधिकतम कुल 100 अंक निर्धारित किया गया है।

   **क्रेच वर्कर**-- निर्धारित शैक्षणिक योग्यता स्नातक में प्राप्त अंको के आधार पर कुल अधिकतम 60 अंक दिये जायेगें। अंको की गणना स्नातक में प्राप्त अंको के समानुपातिक किया जायेगा। 03 वर्ष निर्धारित कार्य अनुभव के पश्चात् अगले प्रत्येक एक वर्ष के लिए 05 अंक एवं अधिकतम 15 अंक दियें जायेगें तथा साक्षात्कार के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।

   **सहायक क्रेच वर्कर**-- निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट में प्राप्त अंको के आधार पर कुल अधिकतम 60 अंक दिये जायेगें। अंको की गणना इंटरमीडिएट में प्राप्त अंको के (अतिरिक्त विषय को छोड़कर) समानुपातिक किया जायेगा। प्रत्येक एक वर्ष के अनुभव के लिए 05 अंक एवं अधिकतम 15 अंक दिये जोयगें तथा साक्षात्कार के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।
3. निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा, साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित ई--मेल आई0डी0 पर एवं जिले के वेबसाईट पर दी जायेगी। किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
4. मानदेय का भुगतान विभागीय प्राप्त आवंटन एवं दिशा निर्देश के आलोक में किया जायेगा।
5. प्रमाण पत्रों की जाँच साक्षात्कार की तिथि एवं अन्य सूचना की जानकारी मुंगेर जिले के वेबसाईट https://munger.nic.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

जिला पदाधिकारी
मुंगेर।

अनुलग्नक -3

# आवेदन- प्रपत्र

विज्ञापन संख्या- ........................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

[redacted] आवेदित पद का नाम: ..................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम: ..................................................................
3. जन्म तिथि : ..................................................................
4. माता का नाम: ..................................................................
5. पिता/ पति का नाम ..................................................................
6. आधार कार्ड नंबर ..................................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ):..................................................................
..................................................................
8. पत्राचार का पता: ..................................................................
..................................................................
9. श्रेणी: सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाइल नंबर: ..................................................................
11. ई- मेल आईडी: ..................................................................
12. शैक्षणिक विवरणी: -

| क्र०स० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम - |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :-

| क्र०स० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:- उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी/ रहूँगा एवं मेरे विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर